चीनी निर्यात रिकॉर्ड 95 लाख टन रहने का अनुमान

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 19 अप्रैल

अक्टूबर में शुरू हुए चालू विपणन सीजन में भारत से चीनी का निर्यात रिकॉर्ड 95 लाख टन रहने की उम्मीद है, लेकिन इससे शायद घरेलू कीमतों में तेज इजाफा न हो, क्योंकि उत्पादन उम्मीद से बेहतर होने के आसार हैं। केंद्र सरकार ने यह उम्मीद जताई है। सरकार ने कहा है कि वर्ष 2021-22 में चीनी उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में करीब 13 प्रतिशत अधिक 3.5 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जबकि वर्ष की शुरुआत में स्टॉक तकरीबन 85 लाख टन रहने का अनुमान है। इसका मतलब यह है कि वर्ष 2021-22 में चीनी की कुल उपलब्धता 4.35 लाख टन रहेगी। वर्ष के दौरान इसमें से करीब 2.78 करोड़ टन की घरेलू खपत होगी, जबकि 95 लाख टन चीनी का निर्यात किया जाएगा। सरकार ने कहा है कि इस तरह चीनी की आसान उपलब्धता होगी और घरेलू बाजार में चीनी के दाम उचित स्तर पर स्थिर रहने की उम्मीद है।